सार-समाचार

समाजोपयोगी उत्पादन शिविर आयोजित

रामगंजमण्डी (निसं)। श्री हीरा भाई पारीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में समाजोपयोगी उत्पादन शिविर के तृतीय दिवस को आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रांतों में बनने वाले स्वादिष्ट भोजन के स्टॉल लगाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सभी प्रकार के लजीज खाने का स्टॉल लगाये गए। हरियाणा का सरसों का साग मकई की रोटी दही का चटका लाजवाब तरह से प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र का भेल बड़ा पाव अपनी अलग ही खासियत रखता है। पंजाब की लस्सी और मिक्स रोटी साथ में मखनी दाल की अनोखी महक गुजरात का फाफडा गोटा खमण ढोकला लिज्जत पापड का अनोखा संगम के साथ राजस्थान का चूरमा बाटी बाफला दाल संग में चटनी अपनी महक छोड रही थी। बाद में रंगोली व ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई।प्रभारी संतोष जैन वरिष्ठ अध्यापिका शीश राम सेनी वरिष्ठ अध्यापक अनीता शर्मा नीतू श्रीवास्तव कार्यवाहक प्रधानाचार्य बीना सोनी संगीता अहीर ओम कंवर पुरावत संतरा मीणा मुरली मनोहर शर्मा व्याख्याता व उदय शंकर नावरिया ने बालिकाओं को संबोधित किया।

'जांच में डीएपी खाद के नकली होने की पुष्टि'

छबड़ा (निसं)। कृषि विभाग द्वारा एक माह पूर्व एक किसान के मकान से जब्त किए गए डीएपी खाद के 69 कट्टे जांच में नकली पाए गए हैं। कृषि विभाग के सहायक निदेशक चौथमल मीणा के अनुसार उन्होने 22 अक्टूबर को सालपुरा रोड पर एसडीएम के निर्देश व पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक मकान में छापा मारकर 69 डीएपी खाद के कट्टे जब्त किए थे और पुलिस थाने में आरोपियो के विरूद्ध बिना लाईसेंस अवैध रूप से नकली डीएपी बैचकर किसानो के साथ धोखाधडी कर ठगी किए जाने का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में जांच अधिकारी राजकुमार मीणा की रिपोर्ट पर पुलिस ने विनायक कॉलोनी में रहने वाले हान्याहेडी पंचायत के चांदपुरा निवासी घनश्याम मीणा व उसके रिश्तेदार प्रवेश मीणा के विरूद्ध मामला दर्ज कर उन्हे डिटेन किया था। परंतु पुलिस ने उन्हे खाद की रिपोर्ट आने तक पाबंद कर रिहा कर दिया था। कोटा नांता फार्म स्थित स्टेट फर्टिलाईजर टेस्ट लेबोरेट्री द्वारा 5 नवम्बर को जांच रिपोर्ट जारी कर जब्त किए गए डीएपी खाद के नकली होने की पुष्टि की। जांच में उक्त खाद सुपर फास्फेट (रकोडिया) पाया गया था। जांच अधिकारी सीआई राजेश खटाणा ने बताया कि उनके द्वारा भी जब्त किए गए खाद का सैंपल राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला जयपुर भेजा जाएगा। यहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आरोपियो के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जरूरतमंद परिवारों में कपड़े बांटे

रावतभाटा, (निसं)। पार्षद मनीष गिरी के द्वारा घर-घर से एकत्रित कर गरम कपड़े जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने का सिलसिला जारी है। बढ़ती हुई सर्दी के साथ ही शहर में समाजसेवियों ने जरूरतमंद परिवारों के लिए गरम कपडे, कंबल, शॉल का वितरण शुरू कर दिया हैं। इसी कडी को आगे बढाते हुए पार्षद मनीष गिरी ने परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में घर-घर पहुंचकर 25 गठरी गरम कपडे इकट्ठा किए एवं अपनी कार से क्रेशर बस्ती एवं दीपपुरा घाटी के परिवारों में बाटे। कॉलोनी के निवासियों ने पार्षद के कार्यों की खूब सराहना की, पूर्व जिला प्रमुख लीला शर्मा ने कई जोडी गरम कपडे एवं शॉल का सहयोग दिया। उन्होंने पार्षद मनीष गिरी के द्वारा नि:स्वार्थ भाव से की जा रही मानव सेवा की सराहना की एवं आशीर्वाद दिया। सहयोग करने वालो में पूनम शर्मा, सीमा दुबे, यशिका, स्नेहलता कच्छोट, सुभाष रावल, कमलेश गौर समेत कई परिवार शामिल रहे।

पुलिस चौकी संचालित करवाने की मांग

बूंदी (निसं)। बस स्टैंड, विकास नगर सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में पुलिस चौकी संचालित करवाने की मांग को लेकर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बस स्टैंड पुलिस चौकी का संचालन बंद होने से बस स्टैंड पर चोरों और जेब तराशी की वारदात आए दिन होती रहती है। ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए बस स्टैंड पर चौकी संचालित की जाए जो आमजन और यात्री हित में आवश्यक है। जिला पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन देते हुए कहा कि बस स्टैंड और विकास नगर में इसी माह पुलिस चौकी संचालित कर दी जाएगी और शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस चौकियों का संचालन जल्द ही शुरू होगा। ज्ञापन देने वालों में मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन, भाजपा नेता अमित निम्बार्क, पार्षद संदीप यादव, पूर्व पार्षद संजय भूटानी, अशोक जैन, बालकिशन पप्पू सोनी, कमलेश रेगर, मानस जैन,दिलीप सिंह, निर्मल मालव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थर्मल कर्मियों ने पैदल मार्च निकाला

छबड़ा (निसं)। छबड़ा थर्मल पावर प्लांट में ज्वाइंट वेंचर का विरोध प्रदर्शन 34वें दिन भी जारी रहा। थर्मल कर्मियों ने सुबह अपनी आवासीय कॉलोनी से प्लांट गेट तक पैदल मार्च निकाला ओर ज्वाइंट वेंचर के विरोध में जम कर नारेबाजी की। दो दिन पूर्व भी थर्मल कर्मियों ने प्लांट गेट के सामने विद्युत उत्पादन निगम ओर केंद्रीय उपक्रमों के बीच हुए एमओएम की प्रतिलिपि जलाई थी। राज्य स्तर पर हो रहे इस विरोध प्रदर्शन की तरफ सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। थर्मल कर्मचारियों का कहना है कि राज्य सरकार जो घाटा दिखाकर अपने थर्मल प्लांट का ज्वाइंट वेंचर कर रही है। उस घाटे के कारणों की समीक्षा करवाई जाए। इस तरह अपने प्लांटों का ज्वाइंट वेंचर करना घाटे से उबरने का सही विकल्प नहीं है। अगर इसी तरह ज्वाइंट वेंचर रुपी निजीकरण होते रहे तो आने वाले समय में सरकारी उपक्रमों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। उत्पादन निगम के समस्त थर्मल प्लांटों में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी अपने भविष्य को लेकर संदेह में है। एक महीने से भी अधिक समय से चल रहे विरोध प्रदर्शन पर अभी तक सरकार का ध्यान न जाना सरकार की गलत मंशा को दर्शाता है।

झलकारी बाई की जयंती मनाई

छबड़ा (निसं)। कस्बे में हाडौती कोली समाज द्वारा शुक्रवार को वीरांगना झलकारी बाई की 194वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्ष कल्याण प्रसाद बुनकर ने कहा कि झलकारी बाई ने न केवल 1857 में भाग लिया। बल्कि झांसी की रानी की परछाई बनकर लौहा लेने वाली वीरांगना थी। उन्होने समाज को शिक्षित कर युवाओं को नषे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर देवेंद्र बुनकर, पंकज बुनकर, पंकज पंत, नरेश बुनकर, विजय बुनकर सहित समाज के लोग मौजूद थे।

आबकारी विभाग ने बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की

छबड़ा (निसं)। जिले में शराब ठेकों की बकाया राशि वसूलने के मामले में आबकारी विभाग एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है। आबकारी विभाग ने बकाया राशि जमा नहीं कराने के एक मामले में गुरुवार को अचल सम्पत्ति कुर्क की कार्रवाई की। वर्ष 2021-22 के बकायादार द्वारा आबकारी एमनेस्टी योजना 2024 में छूट के प्रावधान के बावजूद राशि जमा नहीं कराए जाने पर विभाग द्वारा नियमानुसार कुर्की वारंट जारी कर अचल सम्पत्ति को कुर्क कर फर्द कुर्की कायम की गई।

■ **छूट के प्रावधान के बावजूद राशि जमा नहीं कराए जाने पर यह कार्रवाई की**

आबकारी विभाग ने बकाया राशि जमा नहीं कराने के मामले में अचल सम्पत्ति फर्द कुर्क की कार्रवाई की।

वृत छीपाबडौद के आबकारी निरीक्षक प्रकाश देवडा ने बताया कि छबडा कस्बे के वार्ड नंबर 10 में वर्ष 2021-22 में छबडा निवासी धापूबाई पत्नी मोहनलाल पारेता द्वारा मदिरा दुकान का संचालन किया गया था। उक्त मदिरा दुकान की संचालन अवधि समाप्ति के बाद 30 लाख 19 हजार आठ रुपए एवं ब्याज नियमानुसार जमा नहीं करवाया गया। आबकारी द्वारा एनेस्टी योजना 2024 में छूट के प्रावधान के संबंध में सूचित करने के बावजूद द्वारा बकायादार द्वारा उक्त राशि जमा नहीं कराई। इस बारे में नोटिस दिया गया और संबंधित राजस्व अधिकारियों ने उक्त बकायादार की अचल सम्पत्ति की सूचना चाही गई।

गुरूवार को अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन कोटा नरेश मालव, जिला आबकारी अधिकारी सहदेव सिंह रत्नू के निर्देषानुसार उनके नेतृत्व में छबडा प्रहराधिकारी मदनलाल मीणा ने मय जाब्ता मौके पर पहुंचकर बकायादार धापूबा की टोडी माल में स्थित भूमि खाता संख्या 154 की खसरा नंबर 339,340,347 की कुल 6.2093 हैक्टेयर भूमि में बकायादार के हिस्से 1/5 भाग को कुर्क कर फर्द कुर्की कायम की गई। बकाया राशि जमा नहीं होने की स्थिति में इस कुर्कशुदा अचल सम्पत्ति को नियमानुसार नीलाम कर विभाग द्वारा बकाया राशि की वसूली की जाएगी। इससे पूर्व बुधवार को भी आबकारी विभाग द्वारा दो बकायादारों की अचल सम्पत्ति की फर्द कुर्की की कार्रवाई की गई।

आर्थिक सहयोग राशि एकत्रित की

छबड़ा (निसं)। वर्तमान में भी इंसानियत जिंदा हैं। जिसका एक उदाहरण छबड़ा क्षेत्र की मूण्डक्या पंचायत के अमीनपुरा (जाटपुरिया) गांव में देखने को मिला। यहां एक किसान के पांच बोर (होल) फेल होने के बावजूद ग्रामीणो के मनोबल बढाए जाने के साथ-साथ सहयोग किए जाने के बाद छठा बोर सफल हो गया। इस पर किसान का पूरा परिवार खुषियों के कारण झूम उठा। किसान नंदलाल मेहरा ने बताया कि उसने उसके खेत में पांच बोर (होल) कराए। किंतु किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया और पांचों बोर फेल हो गए। इससे वह और उसका परिवार पूरी तरह से टूट गया था। किंतु ग्रामीणो ने इंसानियत की मिसाल पेष करते हुए अपना फर्ज निभाया। ग्रामवासियो ने किसान के दर्द को समझाते हुए जनसहयोग से आर्थिक सहयोग राषि एकत्रित की और छठा बोर करवा दिया। लेकिन इस बार यह बोर सफल हो गया। इस पर ग्रामीणों ने भव्य आतिशबाजी की।

जिला कलेक्टर ने लोगों के अभाव-अभियोग सुने

रावतभाटा, (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति भैंसरोडगढ़ की बरखेडा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि चौपाल आयोजित की गई।

रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में पट्टा, पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, कृषि कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, पेंशन, बिजली, अतिक्रमण हटाने सहित सरकारी विभागों से लगभग 30 प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को परित्याकता महिलाओं की पेंशन तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गांव में पेयजल के लिए ट्यूबवेल लगाने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को एकलिंगपुरा से गांधीसागर तक सड़क बनाने, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को मनरेगा में लेबर बढ़ाने, लैंड सीडिंग, ई-केवाइसी आदि कार्यों को लंबित नहीं रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अतिक्रमण की शिकायत पर नियमानुसार कार्यवाही करने तथा विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

मेधावी विद्यार्थी सम्मानित:- जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके करियर को लेकर संवाद भी किया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जीवन में अंकों का ज्यादा महत्व ज्यादा नहीं होता है, सीखने का अधिक महत्व होता है। मेहनत करते रहे जीवन में सफलता जरूर मिलेगी।

इस पर रावतभाटा अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, रावतभाटा तहसीलदार विवेक गरासिया, विकास अधिकारी, सीएमएचओ डॉ. ताराचंद गुप्ता, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

'ऑडिट आक्षेपों का तत्परता से निस्तारण करवाएं'

झालावाड़ (निसं)। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की जिला स्तरीय समिति झालावाड़ की वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उपस्थित संबंधित संस्थाओं के अधिकारियों एवं लेखाधिकारियों से कहा कि सभी संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित चल रहे ऑडिट आक्षेपों का तत्परता के साथ निस्तारण करवाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसी भी राजकीय कार्मिक से वसूली का प्रकरण लम्बित चल रहा है उनसे शीघ्र वसूली की जाए। साथ ही जो नए आक्षेप हैं उन्हें प्राथमिकता देकर उनका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान सभी अधिकारियों को अंकेक्षण शुल्क शीघ्र जमा करवाने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय कोटा की अतिरिक्त निदेशक डॉ. विधि शर्मा ने पंचायत समितियों, नगरीय निकायों एवं कृषि मण्डियों में लम्बित चल रहे सामान्य आक्षेपों, अ व ब श्रेणी के आक्षेपों, 50000 रुपए से अधिक व कम वाले प्रकरणों, बकाया अंकेक्षण शुल्क, बकाया प्रथम अनुपालना की जानकारी दी। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को बकाया प्रथम अनुपालना रिपोर्ट आगामी 30 नवम्बर तक भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यवाहक कोषाधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, नगर पालिका झालरापाटन के अधिशासी अधिकारी हेमेन्द्र कुमार, नगर पालिका भवानीमण्डी के अधिशासी अधिकारी मनीष मीणा सहित विभिन्न कृषि मण्डियों के सचिव एवं पंचायत समितियों के लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

बून्दी (निसं)। बून्दी महोत्सव 2024 के तहत बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार को उद्योग एवं शिल्प ग्राम में प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसायटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सोसायटी प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसायटी जिलाध्यक्ष कविता जैन ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के दौरान 22 विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने 39 प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ें : जिला निर्वाचन अधिकारी

झालावाड़ (निसं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूचियों में नाम जुडवाने, हटवाने एवं संशोधन हेतु प्राप्त आवेदनों तथा ईपी रेशों में लक्षित प्रगति के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीसी के दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुडवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके लिए समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं विकास अधिकारियों को पुख्ता मॉनीटरिंग एवं गंभीरता के साथ लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वी.सी. के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत सभी पात्र छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जुडवाने के पश्चात संबंधित प्रिंसीपल से नोड्यूज प्रमाण पत्र लेवें कि उनके यहां अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से जिले की मतदाता सूची में महिला एवं पुरूष के अनुपात का जो गेप है उस पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को भी आंगनबाडी कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता सूची में अधिकाधिक नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के कार्य को गंभीरता से करें और इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 23 नवम्बर, 2024 को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में मतदाता सूची को पढकर सुनाएं और मतदाता सूची में वंचित पात्र मतदाताओं के नाम जुडवाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 24 नवम्बर 2024 को प्रात: 9.30 बजे से जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ बैठकर अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सभी पात्र नामों को मतदाता सूची में जोडेंने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित कार्य करेंगे।

डीओआईटी में आयोजित वीसी के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) सत्यनारायण आमेटा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् शम्भूदयाल मीना, उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ अभिषेक चारण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद में हर माह की भाँति भारत विकास परिषद के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति बांरा के निर्देशन में 166 वां नि:शुल्क नैत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर स्वर्गीय विद्या बाई एवं स्वर्गीय गणेश लाल सोनी की पुण्य स्मृति मे महेश कुमार सोनी मैनेजर नागरिक सहकारी बैंक बारां के सहयोग से आयोजित किया गया। भामाशाह द्वारा परिषद् की आराध्य भारत माता एवं पथ-प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया तत्पश्चात प्रांतीय उपाध्यक्ष महेन्द्र नागर,जिला प्रभारी धीरज बाठला,अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार योगी द्वारा भामाशाह एवं डॉ.अनीश शुक्ला का अक्षत तिलक लगा अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। नेत्र शिविर सहप्रभारी लक्ष्मीकांत गौत्तम और रसद प्रभारी गिरिराज बंसल ने बताया कि शिविर में सतगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर की विशिष्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा 875 मरीजो की जांच कर नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गई एवं 425 मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाये गये मरीजों को चिन्हित कर सतगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा गया साथ ही सभी मरीजों को भोजन के पैकिट वितरित किए गये।दीपक जैन,रूपचंद शर्मा, भूपेंद्र सिरोहिया, रूपेश पारीक, धनराज सुमन आदि परिषद सदस्यों का सहयोग रहा।

व्याख्यान माला आयोजित

बून्दी (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत अल्पसंख्यक कल्याण दिवस व कमजोर वर्ग दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने व्याख्यान में छात्राओं को बताया कि अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक जैसे दो शब्दों से मिलकर बना है। इसका अर्थ है दूसरों की तुलना में संख्या में कम होना। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक होने के कई पहलू निर्धारित हैं परंतु मुख्य रूप से भाषा, जाति, धर्म को प्राथमिकता प्रदान की गई है। भारत में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए सन 1992 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया था बाद में 2006 में अलग से केंद्र सरकार में मंत्रालय भी बनाया गया। व्याख्यान माला कि इस कडी मे ईएएफएम विभाग के सहायक आचार्य भोला ने कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में कानून की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अनुच्छेद 39 ए कमजोर वर्गों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता के अधिकार की गारंटी देता है और वंचितों की न्याय तक पहुंच को सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

हस्तशिल्प मेले में स्टॉल लगाई

बूंदी (निसं)। कुम्भा स्टेडियम में बूंदी महोत्सव के अवसर पर उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले में बूंदी की विरासत से रूबरू कराने के लिए होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की ओर से स्टॉल लगाई गई है। स्टॉल का उद्घाटन सम्भागीय अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी सचिव संदीप पाडिया व जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक संजय भारद्वाज ने किया। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष भगवान मण्डोवरा सचिव लोकेश सुखवाल उपाध्यक्ष प्रदीप चांदवानी ने दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। स्टॉल में महेश पटौदी व बिट्ठल सनाढ्य ने लोगों को बूंदी के पर्यटन स्थलों के बारे में बताया। सम्भागीय अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि बूंदी की विरासत व इतिहास जनजन तक पहुंचे ओर बूंदी के पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का एक प्रयास किया है। स्टॉल में आने वाले लोगो को बूंदी के पर्यटक स्थलों की जानकारी दी जाएगी ताकि लोकल पर्यटक भी विरासत को देखे। फेडरेशन की ओर से पम्पलेट व किताब भी छपवाए गई है जिसमे बूंदी के साथ हाडौती क्षेत्र के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गयी है।

शासी परिषद् की बैठक हुई

झालावाड़, (निसं)। आत्मा योजनान्तर्गत शासी परिषद् की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने आत्मा योजनान्तर्गत क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों यथा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषक भ्रमण कार्यक्रम, कृषक पुरस्कार, किसान गोष्ठियां, नवाचार गतिविधियां, फसल प्रदर्शन, कृषक समूह निर्माण, जिला स्तरीय किसान मेला आयोजन, कृषक वैज्ञानिक संवाद, फार्म स्कूल का संचालन सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गतिविधियों के आयोजन के लिए संबंधित मद में बजट की उपलब्धता है और लक्ष्य के विरूद्ध व्यय नहीं किया गया उनका क्रियान्वयन कर बजट राशि का समुचित उपयोग करें। इस दौरान उप परियोजना निदेशक आत्मा शालू कुमारी मीणा द्वारा जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 46.64 लाख रुपए की वार्षिक आय कार्य योजना प्राप्त हुई है। जिसके विरूद्ध अब तक 20.35 लाख रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। जिसमें से 14.93 लाख रुपए की लम्बित देनदारियों एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.60 लाख रुपए का व्यय किया गया है। इस प्रकार कुल 19.53 लाख की प्रगति अर्जित कर ली गई है। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य संवाद कार्यक्रम प्रारंभ

नैनवां (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा नैनवा के द्वारा शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रधानाचार्य संवाद कार्यक्रम उपशाखा अध्यक्ष पंकज जैन की अगुवाई में प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिलाध्यक्ष बूंदी प्रदीप यादव रहे।कार्यक्रम में प्राचार्य-संवाद कार्यक्रम के निमित्त यूसीईईओ नैनवा प्रिंसिपल विभा गौतम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षको व अभिभावको का योगदान किस प्रकार सहायक सिद्ध हो सकता है इसके लिए हम सबकी क्या भूमिका हो सकती है, शिक्षकों की समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किस प्रकार किया जा सकता है आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा संगठन की गतिविधियों के बारे में बताते हुए फोल्डर से अवगत करवाया गया। संवाद कार्यक्रम के अंत में अभिवादन किया गया।इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुगनचंद मीणा,प्राथमिक उपाध्यक्ष राधेश्याम मीणा,जिला उप सभा अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, जिला प्राथमिक सचिव पुष्पेंद्र सिंह हाडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेश भारद्वाज, हिंडोली अध्यक्ष महेंद्र गौड,मंत्री पूरण सिंह,उपशाखा नैनवा मंत्री देवराज गुर्जर,कोषाध्यक्ष नाथूलाल बैरवा, उपाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर, राजाराम मीणा, मस्तराम मीणा, बंटी मीणा, नितेश दाधीच आदि मौजूद रहे।

कैरम प्रतियोगिता का जमा रंग

बून्दी (निसं)। अभिभाषक परिषद बून्दी द्वारा आयोजित खेल सप्ताह 2024 के दौरान कैरम प्रतियोगिता के आज के मैचों का उद्घाटन अभिभाषक परिषद बून्दी के वरिष्ठ अधिवक्तानवेद केसर एडवोकेट द्वारा किया गया। कैरम प्रतियोगिता के संयोजक हैदर अली एवं सह संयोजक अय्यूब अली एडवोकेट ने बताया कि, एकल कैरम प्रतियोगिता के मैचों में आकाश सक्सेना ने योगेन्द्र दाधीच को 3-0 हराया, इमरान खान ने निखिल शर्मा को 3-0 से हराकर द्वितीय राउंड में प्रवेश किया एवं कैरम युगल में एजाज रिजवी, योगेन्द्र दाधीच ने हैदर अली, मोहम्मद शरीफ को 3-2 से हराया। इस दौरान अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सचिव संजय जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश चन्द भण्डारी, कन्हैयालाल मीणा, नफीसुर्रहमान, कृष्णमुरारी दाधीच, अविनाश गौतम, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

निगरानी समिति की बैठक आज

झालावाड़ (निसं)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 23 नवम्बर को सांसद श्री दुष्यन्त सिंह की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे जिला परिषद् के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड ने दी।